प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)

मुख्य समाचार

झारखंड में आज से आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गई । भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ 15 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू थी।

****************

प्रदेश में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन गुरूवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्यमंत्री के साथ अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। इधर इंडिया ब्लॉक के घटक दलों में मंत्रियों के चयन को लेकर चर्चा का दौर जारी है ।

****************

देवघर के विधायक सुरेश पासवान को राजद विधायक दल का नेता चुना गया है। रांची में राजद प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव की अध्यक्षता में हुई राजद विधायक दल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। विधानसभा चुनाव में राजद के चार विधायक चुने गए हैं। इधर कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें केन्द्रीय नेतृत्व को विधायक दल का नेता और मंत्रियों को चुनने के लिए अधिकृत किया गया।

****************

इस बीच भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने उम्मीद जतायी है कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पिछली गलतियों को नहीं दोहरायेंगे और जन आकांक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

****************

विधानसभा चुनाव पणिाम को लेकर भाजपा में समीक्षा का दौर जारी है। 30 नवंबर को रांची में भाजपा सभी जिलाध्यक्षों और प्रभारियों के साथ बैठक करेगी। वहीं 3 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत पार्टी के कई नेता दिल्ली जायेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ बैठक में पार्टी के प्रदर्शन पर चर्चा होगी। इस दौरान प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी मौजूद रहेंगे।

****************

इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा का संतोषजनक प्रदर्शन नहीं रहा है। यहां तक की खूंटी और तोरपा जैसे अपने गढ़ में भी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। और ब्यौरा दे रही हैं हमारी संवाददाता।

****************

बोकारो के शहीद अग्निवीर अर्जुन महतो की शहादत पर पूरा प्रदेश नमन कर रहा है। राज्यपाल संतोष गंगवार और कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया है। श्री सोरेन ने शहीद अग्निवीर के परिजनों को विशेष अनुग्रह अनुदान के रूप में राज्य सरकार की ओर से 10 लाख रुपये और आश्रित को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। उन्होंने केन्द्र सरकार से सभी अग्निवीरों को पूर्ण सैनिक का दर्जा देने का अनुरोध भी किया है।

****************

अडाणी ग्रुप के खिलाफ रिश्वत के आरोपों और अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष के हंगामे को देखते हुए ससंद के दोनों सदनों की बैठक आज दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। शीतकालीन सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यह सत्र अनेक प्रकार से विशेष है। श्री मोदी ने संसद में स्वस्थ चर्चा की उम्मीद व्यक्त की ।

*****समाप्त******